# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : exam@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


क्रमांक 1467 / परीक्षा / पूरक / 2022 दुर्ग, दिनांक 17.08.2022

## // अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों के बी.ए. / बी. एससी. / बी.कॉम. / बी.सी.ए. / बी.एससी. गृह विज्ञान भाग–01, 02, 03 एवं बी.एससी.बी.एड. / बी.ए.बी.एड. भाग–01, 02, 03, 04 में अध्ययनरत ऐसे परीक्षार्थी जिनके वार्षिक परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम में पूरक अर्हता प्राप्त है, उनकी पूरक परीक्षा 2022 के लिए **ऑनलाईन पद्धति से** विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in अथवा https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/ के माध्यम से पूरक परीक्षा 2022 हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

(परीक्षा शुल्कः– इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट / क्रेडिट / एटीएम कार्ड के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।)

| क्र | परीक्षा आवेदन | आवेदन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से संपूर्ण परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि | 18.08.2022 से 28.08.2022 तक |
| 2 | परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 29.08.2022 तक |
| 3 | महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ पूरक परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाने की अंतिम तिथि | 01.09.2022 तक |
| 4 | पूरक परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ विश्वविद्यालय पहुंचाने की अंतिम तिथि | 02.09.2022 तक |

आवश्यक निर्देशः–

- आवेदन फार्म की हार्डकॉपी अनिवार्य दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करने के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा। अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी की जांच स्वयं कर लेवें और यदि कोई त्रुटि हो तो विश्वविद्यालय आकर होने वाली त्रुटि में सुधार करा लेवें।
- कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छात्र / छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एवं मास्क लगाकर ही संबंधित महाविद्यालय में अपने परीक्षा आवेदन की हार्डकापी जमा करेंगे।
- परीक्षार्थी https://durguniversity.in या www.durguniversity.ac.in पर जाकर Quick Link में दिए गये Link - **Supplementary Exam Form 2022** पर Click कर भर सकते हैं।
- ऐसे समस्त परीक्षार्थी जो इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 2022 में सम्मिलित हुए थे, उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है वें मुख्य परीक्षा 2022 के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
- एक आई.डी. में एक से अधिक परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- जिन कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुए हैं अथवा जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम रोके गए (With held (WH)) हैं, उन कक्षाओं / परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जारी होने के 03 दिवस के भीतर पूरक परीक्षा आवेदन फार्म भरें। निर्धारित अंतिम तिथि तक परिणाम जारी नहीं होने की स्थिति में ऐसे परीक्षार्थियों को पृथक से परीक्षा आवेदन करने हेतु समय दिया जावेगा।

क्रमशः– 02 ......

- विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 05 एवं 06 तथा अध्यादेश क्रमांक क्रमशः बी.ए. – 11, बी.एससी. –21, बी.कॉम.–23, बी.एससी (गृहविज्ञान)–27, बी.सी.ए.–107 तथा इत्यादि सभी अध्यादेश पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के ही है जिन्हें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा अंगीकृत किया गया है, के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों की हार्डकॉपी (समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित) जमा किए गये परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- यदि कोई परीक्षार्थी पूरक परीक्षा आवेदन फार्म भरता है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करता है तो उसकी परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।
- **ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें प्रायोगिक विषय में अनुत्तीर्ण होने पर पूरक की पात्रता है, वे भी उपरोक्त पूरक परीक्षा 2022 हेतु ऑनलाईन आवेदन करेंगे। पृथक से प्रायोगिक विषय हेतु परीक्षा आवेदन फार्म नहीं भराया जाएगा। उन्हें परीक्षा आवेदन करते समय संबंधित विषय/प्रश्नपत्र के प्रायोगिक विकल्प का चयन करना होगा। प्रायोगिक पूरक परीक्षा आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।**
- समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।
- परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर हेल्पलाईन नं. **9713387094 / 7225940167** पर अथवा ई–मेल **onlinehelp@durguniversity.in** पर कार्यालयीन समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- परीक्षार्थी महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित जमा करेंगे। संबंधित महाविद्यालय नियत तिथि तक **परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म अनिवार्य रूप से अग्रेषित कर संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करेंगे। संबधित पूरक परीक्षा केन्द्र, निर्धारित तिथि तक उक्त महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।**
- **परीक्षा शुल्क की सूची संलग्न की जा रही है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क की राशि जमा करेंगे।**
- **परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र की 01 छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पूरक परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे।
- **परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/– पृथक से संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। जिसकी पावती महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी। जिसमें से रू. 15/– प्रति छात्र की दर से महाविद्यालयों द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा कराना होगा। संबंधित परीक्षा केन्द्र उक्त रू. 15/– का उपयोग परीक्षा के दौरान निर्धारित व्यय में करेंगे। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा।**
- हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।
- संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें।
- समस्त परीक्षार्थी पिछली परीक्षा (मुख्य परीक्षा 2022) की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।
- परीक्षार्थी जिस विषय में पूरक की पात्रता रखते हैं केवल उन्हीं विषय/प्रश्नपत्र का चयन पूरक परीक्षा आवेदन करने में करेंगे।

क्रमश : 03 ......

- ऑनलाईन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपने शैक्षणिक अंकसूचियों/प्रमाण पत्रों की जानकारी दी है वह पूर्ण रूप से सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन करते समय दी गई जानकारी सही है तथा उनकी ही स्वच्छ छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के हार्डकॉपी के साथ संलग्न किए जा रहे हैं। जानकारी असत्य पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर उनके परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त किए जा सकेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र की होगी।
- प्रवेश पत्र जारी होने के पूर्व परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म में हुई त्रुटियों में सुधार किया जा सकता है। प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सुधारा नहीं जायेगा। अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म का भलिभांति अवलोकन कर लेवें और यदि कोई त्रुटियां हो तो विश्वविद्यालय से सुधार करवाने के पश्चात ही परीक्षा केन्द्र में आवेदन जमा करें।
- पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 में लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छुट दिया जावेगा। ऐसे परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करते समय दृष्टिहीन संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे। उक्त दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन शुल्क वापसी हेतु आवेदन पत्र सहित परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा किया जाना आवश्यक होगा।
- परीक्षार्थियों द्वारा भरे हुए आवेदन की हार्डकॉपी को भलिभांति परीक्षणोपरांत ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें, अपात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन यदि किसी महाविद्यालय के अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा अग्रेषित किए जाते हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित अधिकारी की होगी।
- अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालयों में ही जमा किए जायेंगे। अन्य महाविद्यालय द्वारा ऐसे आवेदन स्वीकार न करें जिसमें संबंधित महाविद्यालय का उल्लेख न हो।

## परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरण
### (पूरक परीक्षार्थियों हेतु)

| क्र. | कक्षाएं जिनके पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हैं | राशि |
|---|---|---|
| 1 | बी.ए./बी.कॉम. | 820.00 |
| 2 | बी.एससी./बी.एससी. (गृह विज्ञान) | 1075.00 |
| 3 | बी.सी.ए. | 1075.00 |
| 4 | बी.ए. बी.एड. | 820.00 |
| 5 | बी.एससी. बी.एड. | 1075.00 |

- ऑनलाईन पेमेंट करने पर आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु परीक्षार्थी हेल्पलाईन नं. 8770934818, 7770874369 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः—

1. परीक्षा शुल्क सूची/गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न)/नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।
2. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की स्व—प्रमाणित अंकसूचियाँ (यदि मूल अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।

क्रमश : 04 ......

3. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
4. परीक्षा केन्द्र द्वारा अग्रेषित समस्त परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में ही जमा किए जायेंगे।
5. उपरोक्त अंतिम तिथि के पश्चात परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने पर संबंधित परीक्षा केन्द्र को रू. 1000/– प्रतिदिन विलंब शुल्क देना होगा। यह सुविधा केवल 04 दिनों तक रहेगी। इसके पश्चात परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं किए जा सकेंगे।

## अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु

महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नकों सहित) दिनांक **01.09.2022** तक संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित परीक्षा केन्द्र दिनांक **02.09.2022** तक उक्त आवेदनों को विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– पूरक परीक्षा केंद्रों की सूची।

आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 1468/परीक्षा/पूरक/2022 — दुर्ग, दिनांक : 17.08.2022

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. वित्त अधिकारी/उ.कु.स. अकादमिक/स. कु. स्थापना/गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. सहायक कुलसचिव, गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि रूके हुए/रोके गये परिणामों को यथाशीघ्र घोषित करें, ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार पूरक परीक्षा 2022 आयोजित हो सके।
10. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
11. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
(पूर्व नाम – दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.))
Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300


## //पूरक परीक्षा 2022 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची//

क्र. 1469 /पूरक/परीक्षा केन्द्र/2022 दुर्ग, दिनांक 17/08/2022

| क्र. | केंद्र कोड | पूरक परीक्षा केन्द्र का नाम | महा. कोड | परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित अन्य महाविद्यालयों के नाम जहां के पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। |
|---|---|---|---|---|
| जिला– बालोद | | | | |
| 1 | 101 | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद | 101 | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद |
| | | | 102 | शासकीय एन.सी.जे. महाविद्यालय, दल्लीराजहरा |
| | | | 103 | शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा |
| | | | 104 | शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही |
| | | | 105 | शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय, डौंडी, जिला–बालोद |
| | | | 106 | शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौंडीलोहारा, बालोद |
| | | | 107 | मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय, अरमरीकला जिला–बालोद |
| | | | 108 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, गुरूर |
| | | | 109 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, खेरथा, बालोद |
| | | | 110 | नवीन शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा, बालोद |
| | | | 111 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, बेलौदी, बालोद |
| | | | 112 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, माहुद बी, जिला– बालोद |
| | | | 113 | शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बालोद |
| | | | 121 | भोरमदेव महाविद्यालय, ग्राम पैरी, गुण्डरदेही, जिला–बालोद |
| | | | 122 | माँ बहादुर कलारिन कला–विज्ञान महाविद्यालय, गुरूर, बालोद |
| | | | 123 | माता कर्मा कला–वाणिज्य महाविद्यालय, गुण्डरदेही, बालोद |
| | | | 124 | संत राजाराम सदाणी नागरिक महाविद्यालय, डौंडीलोहारा, बालोद |
| | | | 125 | विंध्यवासिनी महाविद्यालय, सनौद–बोहरा, जिला–बालोद |
| | | | 126 | अग्रसेन कॉलेज, डंगनिया, बालोद |
| जिला–बेमेतरा | | | | |
| 2 | 201 | शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा | 201 | शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा |
| | | | 202 | शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़, बेमेतरा |
| | | | 203 | स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय, थानखम्हरिया, जिला–बेमेतरा |
| | | | 204 | शासकीय देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय, साजा |
| | | | 205 | लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महावि. बेमेतरा (पूर्व नाम– शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा) |
| | | | 206 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला, बेमेतरा |
| | | | 207 | रानी अवंती बाई लोधी शासकीय महावि. परपोड़ी बेमेतरा |
| | | | 221 | समाधान कालेज, सर्वतोमुखी समाधान शिक्षण संस्कार समिति, ग्राम फरी, बेमेतरा |

| क्र. | केंद्र कोड | पूरक परीक्षा केन्द्र का नाम | महा. कोड | परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित अन्य महाविद्यालयों के नाम जहां के पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। |
|---|---|---|---|---|
| जिला– दुर्ग | | | | |
| 3 | 301 | शासकीय व्ही. एन. यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, जी.ई. रोड, दुर्ग | 301 | शासकीय व्ही.एन. यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग |
| | | | 302 | शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग |
| | | | 303 | डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई –3 |
| | | | 304 | इंदिरा गान्धी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, वैशालीनगर, भिलाई |
| | | | 305 | शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, पाटन, दुर्ग |
| | | | 306 | शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय, उतई |
| | | | 307 | शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर महाविद्यालय, धमधा, दुर्ग |
| | | | 308 | शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महावि. जामगांव आर (पूर्व नाम– शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर) |
| | | | 309 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, बोरी, जिला–दुर्ग |
| | | | 310 | मोहन लाल जैन (मोहन भैया) शासकीय महावि. खुर्सीपार (पूर्व नाम–शासकीय नवीन महाविद्यालय, खुर्सीपार, भिलाई, जिला–दुर्ग) |
| | | | 311 | शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय, नंदिनीनगर |
| | | | 312 | शासकीय आदर्श महाविद्यालय, दुर्ग |
| | | | 313 | डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महावि. जामूल भिलाई (पूर्व नाम–शासकीय नवीन महावि. जामूल भिलाई) |
| | | | 314 | दाऊ उत्तम साव शासकीय महावि. मचांदूर (पूर्व नाम– शासकीय नवीन महाविद्यालय, मचांदूर) |
| | | | 315 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, भिलाई |
| | | | 316 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, निकुम, दुर्ग |
| | | | 317 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, रानीतरई, पाटन जिला–दुर्ग |
| | | | 318 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, रिसाली, भिलाई |
| | | | 319 | नवीन शासकीय महाविद्यालय पेड्रावन, धमधा, दुर्ग |
| | | | 331 | कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर–7, भिलाई नगर |
| | | | 332 | सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग |
| | | | 333 | भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 9, भिलाईनगर |
| | | | 334 | सेंट थामस महाविद्यालय, भिलाईनगर |
| | | | 335 | स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको, भिलाई |
| | | | 336 | भिलाई नायर समाजम महाविद्यालय, सेक्टर 8 भिलाईनगर |
| | | | 337 | सांई महाविद्यालय, सेक्टर 6, भिलाईनगर |
| | | | 338 | रूंगटा कॉलेज ऑफ साईंस एण्ड टेक्नालॉजी, गंजपारा दुर्ग |
| | | | 339 | श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाईनगर |
| | | | 340 | एम. जे. कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, जुनवानी भिलाई |
| | | | 341 | जी.डी. रूंगटा कॉलेज ऑफ सांईस एण्ड टेक्नालॉजी, कोहका, कुरूद रोड, भिलाई |
| | | | 344 | जी.एस. आर्य कन्या महाविद्यालय, स्टेशन रोड, दुर्ग |
| | | | 345 | भारती इन्स्टीट्यूट आफ इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी, पुलगांव, दुर्ग |
| | | | 348 | भिलाई कॉलेज ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालॉजी, भिलाई |
| | | | 351 | मनसा कॉलेज कोहका भिलाई |
| | | | 352 | छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, सेक्टर 6 भिलाई |

| क्र. | केंद्र कोड | पूरक परीक्षा केन्द्र का नाम | महा. कोड | परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित अन्य महाविद्यालयों के नाम जहां के पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 301 | शासकीय व्ही. एन. यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, जी.ई. रोड, दुर्ग | 355 | उदय महाविद्यालय, एसीसी बोगदा पुल के पास, नंदनी रोड, जामुल, भिलाई |
| | | | 356 | अतरसिंह महाविद्यालय, मॉडल टाउन, भिलाई |
| | | | 357 | देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नालॉजी, ग्राम खपरी, दुर्ग |
| | | | 358 | जगतगुरू शंकराचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भिलाई |
| | | | 361 | एलायंस इन्स्टीट्यूट ऑफ कामर्स एण्ड मैनेजमेंट, भिलाई |
| | | | 362 | अग्रसेन कॉलेज, धनोरा |
| | | | 364 | बी.एम. कॉलेज ग्राम कोलिहापुरी, जिला–दुर्ग |
| | | | 367 | कर्मा माता कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, जामगांव आर |
| | | | 369 | सांदीपनी एकेडमी, अछोटी, दुर्ग |
| | | | 370 | शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा, दुर्ग |
| | | | 373 | आई.बी.टी. कॉलेज ऑफ साईंस एण्ड आर्टस, अहिवारा, दुर्ग |
| | | | 374 | प्रिज्म कॉलेज, उतई |
| | | | 375 | श्री सांई कॉलेज, देउरझल, नंदिनी, दुर्ग |
| | | | 379 | अथर्व कॉलेज, धनोरा, दुर्ग |
| | | | 380 | छत्रपति शिवाजी कॉलेज, कोलिहापुरी, दुर्ग |
| | | | 381 | रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड मैनेजमैंट, कोहका भिलाई |
| | | | 384 | कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड कॉमर्स खम्हरिया, जुनवानी |
| | | | 385 | छत्तीसगढ़ कॉलेज, धनोरा, दुर्ग |
| जिला–कबीरधाम | | | | |
| 4 | 401 | आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कबीरधाम, कवर्धा | 401 | आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कबीरधाम, कवर्धा |
| | | | 402 | शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा |
| | | | 403 | शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा |
| | | | 404 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, बोडला |
| | | | 405 | अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महावि. पाण्डातराई (पूर्व नाम– शासकीय नवीन महाविद्यालय, पाण्डातराई) |
| | | | 406 | महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय, पिपरिया (पूर्व नाम–नवीन शासकीय महाविद्यालय, पिपरिया) कबीरधाम |
| | | | 407 | इंदिरा गान्धी शासकीय महाविद्यालय, पंडरिया |
| | | | 408 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई–कुकदर, पंडरिया |
| | | | 409 | पं दीनदयाल उपाध्याय स्नातक शासकीय महावि. झलमला कबीरधाम |
| | | | 421 | रामानुजन कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, पंडरिया, कबीरधाम |
| | | | 422 | सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालॉजी, कवर्धा |
| | | | 424 | ग्रेसियस कॉलेज, कवर्धा |

| क्र. | केंद्र कोड | पूरक परीक्षा केन्द्र का नाम | महा. कोड | परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित अन्य महाविद्यालयों के नाम जहां के पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। |
|---|---|---|---|---|
| जिला– राजनांदगांव | | | | |
| 5 | 501 | शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव | 501 | शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव |
| | | | 502 | डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगांव |
| | | | 503 | शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव |
| | | | 504 | शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लालबहादुर नगर, राजनांदगांव |
| | | | 505 | शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय, अंबागढ़ चौकी, |
| | | | 506 | शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय, मानपुर, राजनांदगांव |
| | | | 507 | शासकीय पं. ज. ला. ने. महाविद्यालय, डोंगरगढ़ |
| | | | 508 | शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, राजनांदगांव |
| | | | 509 | शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया, राजनांदगांव |
| | | | 510 | शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव |
| | | | 511 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, साल्हेवारा, राजनांदगांव |
| | | | 512 | शासकीय महाविद्यालय, मोहला, राजनांदगांव |
| | | | 513 | शासकीय वीरांगना अवंतिबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रामाटोला, राजनांदगांव |
| | | | 514 | स्व. डी.पी. चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई, राजनांदगांव |
| | | | 515 | शासकीय रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय, खैरागढ़, राजनांदगांव |
| | | | 516 | शासकीय वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय, छुईखदान, राजनांदगांव |
| | | | 517 | शासकीय आदर्श महाविद्यालय, सोमनी राजनांदगांव |
| | | | 518 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह, राजनांदगांव |
| | | | 519 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, औंधी, मानपुर |
| | | | 532 | सी.आई.टी. कॉलेज, पर्रीनाला, राजनांदगांव |
| | | | 533 | कॉन्फ्लूएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, राजनांदगांव |
| | | | 534 | एलीगेंट महाविद्यालय, भरकापारा, राजनांदगांव |
| | | | 537 | रॉयल कॉलेज, लालबाग, राजनांदगांव |
| | | | 540 | सोमनी महाविद्यालय, सोमनी, राजनांदगांव |
| | | | 541 | गायत्री महाविद्यालय, राजनांदगांव |

टीप:–

1. उपरोक्त पूरक परीक्षा केन्द्रों में संलग्न किये गये महाविद्यालयों के स्नातक स्तर के कक्षाओं की पूरक परीक्षाएं आयोजित होंगी।
2. उपरोक्त संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष होंगे।
3. उपरोक्त परीक्षा केन्द्र केवल पूरक परीक्षा 2022 हेतु मान्य होंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क. 1470 पूरक / परीक्षा केन्द्र / 2022 दुर्ग, दिनांक 17/08/2022

प्रतिलिपिः—

1. माननीय राज्यपाल महोदया के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर 492002।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक—सी—30, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. प्राचार्य, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्रों को सूचनार्थ।
7. उपकुलसचिव, गोपनीय / अकादमिक / वित्त अधिकारी / अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग को सूचनार्थ।
8. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
9. संपादक समस्त स्थानीय समाचार पत्र दुर्ग / बेमेतरा / बालोद / राजनांदगांव / कबीरधाम को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)